**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 10.09.2021 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न 16वीं बैठक का कार्यवृत्त**

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 समशेर**<br>कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | अध्यक्ष<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 2. | **प्रो0 योगेश सिंह**<br>कुलपति,<br>दिल्ली टेक्नोलॉजिकल युनिवर्सिटी (डी0टी0यू0) दिल्ली–110042<br>(अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 3. | **प्रो0 विनीत कंसल**<br>कुलपति,<br>डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 4. | **श्री दिनेश अग्रवाल**<br>फाउण्डर एण्ड सी0ई0ओ0 आफ इण्डिया मार्ट, इण्डिया मार्ट इंटरमेस लिमिटेड, 7वॉ तल, एडरंत–नविस बिजनेस पाक्र, प्लाट नं0–7, सेक्सन–142, नोयडा।<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 5. | **श्री प्रदीप मिश्रा**<br>सी0एम0डी0, रूद्राभिषेक इंटरप्राइजेज प्रा0 लि0, ग्राउण्ड फ्लोर, युवा भवन, वाईएमसीए काम्प्लेक्स, 13 राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6. | **प्रो0 तपोव्रत लहरी**<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज,<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0, प्रयागराज द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 7. | **श्री कृपाशंकर सिंह**<br>विशेष सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन<br>(सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 8. | **प्रो0 योगेश जोशी**<br>अधिष्ठाता, इन्टरनेशनल रिलेशन<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 9. | **श्री अजय जौहरी**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर एवं वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर<br>(अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 10. | **डा0 रिपुदमन सिंह**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर<br>(अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा नामित प्रतिनिधि)) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |

Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 11. | श्री अनिल कुमार<br>समन्वयक, एस0पी0एफ0यू0, लखनऊ | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 12. | प्रो0 नीरज कुमार सिंह<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य सचिव<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |

मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष कार्यपरिषद द्वारा समस्त उपस्थित सदस्यों का अभिवादन किया गया और कार्य परिषद के सदस्यों को विश्वविद्यालय की प्रगति से संक्षिप्त रूप में अवगत कराया गया जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा ऑफ लाईन कक्षाएं प्रारम्भ होने, छात्र प्रवेश प्रक्रिया की प्रगति सम्मिलित है। छात्रों के सेवायोजन के सम्बन्ध में मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष कार्यपरिषद द्वारा अवगत कराया गया कि विगत वर्ष कोविड–19 महामारी के उपरान्त भी विश्वविद्यालय के 70 प्रतिशत छात्रों को सेवायोजित कराया गया और इस वर्ष भी अद्यतन 52 छात्रों को सेवायोजित कराया जा चुका है।

मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा परिषद सदस्यों को यह भी अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेशित है और विश्वविद्यालय इसे भव्य रूप से मनाने की तैयारी कर रहा है और दिनांक 25 नवम्बर, 2021 को शताब्दी समारोह का आयोजन किया जाना निर्धारित है। उक्त शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महामहिम राष्ट्रपति, भारत सरकार को निमंत्रित किया गया है। महामहिम राष्ट्रपति महोदय के जून माह के कानपुर प्रवास के समय उनसे मा0 कुलपति महोदय की हुयी मुलाकात में इस हेतु सहमति प्रदान की गयी है और औपचारिक सहमति हेतु अनुरोध पत्र प्रेषित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त मुलाकात में महामहिम स्तर से विश्वविद्यालय के केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में उन्नयन हेतु निर्देश प्राप्त हुये थे। इस क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार को प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने की कृत कार्यवाही से मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष कार्य परिषद द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया।

बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा उपरोक्त कृत कार्यवाही का स्वागत किया गया और प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

कार्य परिषद के सचिव द्वारा अध्यक्ष, कार्य परिषद् की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

16.01 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर कार्य परिषद् की दिनांक 25.06.2021 को सम्पन्न 15वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय की दिनांक 25.06.2021 को सम्पन्न कार्य परिषद की 15वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया।



Scanned by CamScanner

16.02 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 25.06.2021 को सम्पन्न 15वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

सचिव कार्य परिषद द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् की 15वीं बैठक में हुये निर्णयों में बिन्दु संख्या 15.08 में जिसमें विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भर्ती हेतु नियमावली पर अनुमोदन प्राप्त किया गया था, में मा0 कुलाधिपति कार्यालय के पत्र संख्या ई–4229/जी0एस0 दिनांक 02 जुलाई, 2021 एवं ई–5862/जी0एस0 दिनांक 03 सितम्बर, 2021 में दी गयी व्यवस्था को समाहित किया जा रहा है।

कार्य परिषद द्वारा कृत कार्यवाही पर सन्तोष व्यक्त किया गया और मा0 राज्यपाल सचिवालय एवं कुलाधिपति हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कार्यालय के पत्र संख्या ई–5862/जी0एस0 दिनांक 03 सितम्बर, 2021 में किये गये प्रावीधानों को भी नियमावली में समाहित किये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

16.03 **विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 08.09.2021 को सम्पन्न 16वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा दिनांक 08.09.2021 को सम्पन्न विश्वविद्यालय वित्त समिति की 16वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

16.04 **विश्वविद्यालय में शिक्षकों के स्वीकृत 131 पदों के सापेक्ष रिक्त 73 पदों पर नियमित/सीधी भर्ती हेतु किये गये विज्ञापन के सम्बन्ध में।**

सचिव, कार्य परिषद द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यपरिषद की 15वीं बैठक में मद संख्या 15.10:01 के अन्तर्गत गठित रोस्टर समीक्षा समिति की आख्या प्राप्त हो चुकी है। परिषद की 15वीं बैठक के उपरोक्त मद के अन्तर्गत निर्णय निम्नवत् था:

***"परिषद् ने विश्वविद्यालय में कुल सृजित 131 पदों पर शासनादेश के आलोक में रोस्टर के आधार पर प्रस्तुत आरक्षण रिपोर्ट की समीक्षा हेतु निम्नलिखित समिति का गठन कर निर्णय लिये जाने हेतु मा0 कुलपति को अधिकृत किया"***

परिषद के उपरोक्त निर्णय के अनुपालन में रोस्टर समीक्षा समिति की प्राप्त आख्यानुरूप शैक्षिक पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया जा चुका है।

कार्य परिषद द्वारा कृत कार्यवाही को संज्ञान में लिया गया और रोस्टर समीक्षा समिति की प्राप्त आख्या को परिषद की अगली बैठक में परिषद सदस्यों को संज्ञानित कराये जाने की अपेक्षा की गयी।



Scanned by CamScanner

16.5 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।

16.5.1 विश्वविद्यालय में शिक्षकों के स्वीकृत 131 पदों के सापेक्ष रिक्त 73 पदों पर नियमित/सीधी भर्ती हेतु किये गये विज्ञापन के सम्बन्ध में।

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियमित/सीधी भर्ती हेतु यू0जी0सी0, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, उ0प्र0 शासन एवं मा0 राज्यपाल सचिवालय के दिशा-निर्देशों को समाहित करते हुये तैयार नियमावली का अवलोकन किया गया और नियमावली को वेबसाईट पर प्रदर्शित किये जाने, विज्ञापन जारी किये जाने सहित समस्त अद्यतन कार्यवाही का संज्ञान लिया। परिषद द्वारा अद्यतन कृत कार्यवाही पर सन्तोष व्यक्त किया गया और अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने हेतु कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुयी।

(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)
कुलसचिव
एवं
सदस्य–सचिव, कार्यपरिषद

O/C

कार्यालय कुलसचिव
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर–208002

संख्या : 487 /एच.बी.टी.यू./ओटीटीएससी/2021

दिनांक : सितम्बर 15 , 2021

प्रतिलिपि : विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को मा0 कुलपति/ अध्यक्ष, कार्यपरिषद के संज्ञानार्थ।

(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)
कुलसचिव
एवं
सदस्य–सचिव, कार्यपरिषद

O/C



Scanned by CamScanner